1	2	3
14.	महानगरों में पुलिस गश्त वाहनों को उपयुक्त उपकरण का प्रावधान करके पुलिस गश्त वैन व मिनी एम्बुलसों में बदलना	यह सिफारिश एन. टी. एस. वी. द्वारा दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के लिए एक प्रायोगिक परियोजना के रूप में की गई थी। गश्त वैनों में पुलिस कार्मिक प्राथमिक चिकित्सा बेहोशी दूर करने की प्रक्रिया में पहले ही प्रशिक्षित हैं। राहत कार्यों की कुशलता में बढ़ोतरी करने के लिए दिल्ली प्रशासन इन वैनों में ब्रीदिंग बैग और छोटे उपकरण उपलब्ध करवाएगा।
15.	ट्रक और बस ड्राइवरों तथा कंडक्टरों की नेशनल एसोसिएशन आफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन द्वारा मौके पर होश में लाने की प्रक्रिया में प्रशिक्षण सुविधाएं देना	एन.टी.एस.बी. ने यह सिफारिश सबसे पहले दिल्ली प्रशासन और दिल्ली परिवहन निगम के लिए की। इस बात पर सहमति दी गई कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे ड्राइवर प्रशिक्षण स्कूलों में ड्राइवरों को अपेक्षित प्रशिक्षण देने के लिए एन.ए.सी.सी.एम. को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तथा दिल्ली परिवहन निगम के कंडक्टरों को प्रशिक्षण देने के लिए दिल्ली परिवहन निगम इसी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।
16.	मौके पर होश में लाने की प्रक्रिया में स्वयंसेवक को प्रशिक्षण देना जो प्राथमिक चिकित्सा करने के लिए अपने क्षेत्रों के दुर्घटना स्थल पर बुलाए जाने पर उपलब्ध होंगे।	एन.टी.एस.वी. ने सबसे पहले इस सिफारिश को दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के लिए किया था। इस बात पर सहमति हो गई है कि दिल्ली पुलिस एन.ए.सी.सी.एम. के परामर्श से उपर्युक्त विज्ञापन जारी करेगी।

मध्य प्रदेश में दूरदर्शन प्रसारण केन्द्र की स्थापना

*238. **श्री सोहन लाल धुसिया :**
श्री अजीत जोगी :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1990-91 के दौरान मध्य प्रदेश में कितने दूरदर्शन प्रसारण केन्द्रों के स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है और दूरदर्शन कार्यक्रमों को देखने का लाभ कितनी अतिरिक्त जनसंख्या को मिलने की संभावना है; और

(ख) इस योजना के कार्यान्वित हो जाने के बाद मध्य प्रदेश की कुल जनसंख्या के कितने प्रतिशत व्यक्तियों को इस सुविधा का लाभ मिलने की संभावना है; और

(ग) मध्य प्रदेश की शेष जनसंख्या को यह लाभ कब तक मिलने की संभावना है?

सूचना और प्रसारण मंत्री और संसदीय कार्य मंत्री (श्री पी. उपेन्द्र) : (क) से (ग) सातवीं योजना के आगे लाई गई स्कीमों में अन्य योजनाओं के साथ-साथ मध्य प्रदेश में 3 उच्च शक्ति (10 कि. वाट) और एक उच्च शक्ति

(1 किलोवाट) दूरदर्शन ट्रांसमीटर स्थापित करना शामिल है। वर्ष 1990–91 के दौरान इन सभी ट्रांसमीटरों के चालू हो जाने का कार्यक्रम है। लेकिन इन में से 10 किलोवाट के केवल एक ट्रांसमीटर को शुरू में इस अवधि के दौरान 1 किलोवाट के कम शक्ति पर चालू करने का विचार है। इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने पर, वर्ष 1990–91 के अंत तक, राज्य की 81.69 लाख अतिरिक्त जनसंख्या को दूरदर्शन सेवा प्राप्त होने की आशा है और इस प्रकार राज्य की लगभग 63.6 प्रतिशत जनसंख्या दूरदर्शन विस्तार के अन्तर्गत आ जाएगी। जब बाकी एक ट्रांसमीटर की शक्ति प्रारंभिक 1 किलोवाट से बढ़ाकर 10 किलोवाट कर दी जाएगी तब राज्य की लगभग 69.3 प्रतिशत जनसंख्या को दूरदर्शन सेवा उपलब्ध होने लगेगी।

इसके अलावा, दूरदर्शन की वर्ष 1990–91 की वार्षिक योजना में, देश में अतिरिक्त दूरदर्शन ट्रांसमीटर स्थापित करना भी शामिल है, इन ट्रासमीटरों के स्थलों का चयन, देश के कवर न हुए हिस्सों में दूरदर्शन सेवा के विस्तार के लिए परस्पर प्राथमिकता पर निर्भर करता है। अतः मध्य प्रदेश में कवर न हुए हिस्सों में दूरदर्शन सेवा का प्रसार, दूरदर्शन विस्तार योजनाओं के अन्तर्गत इस प्रयोजन के लिए संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

Newsprint allocation policy

*239. SHRI CHATURANAN MISHRA :
SHRI N.E. BALARAM:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state :

(a) whether Government propose to make some changes in the newsprint allocation policy of Government; and

(b) if so, what are the details th ereof?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND PARLIAMENTARY AFFARIS (SHRI P. UPENDRA) : (a) and (b)The Newsprint Allocation Policy for 1990 is under formulation.

*240[*Transferred to 30th March*, 1990]

News unit of Cuttack Doordarshan Kendra, Orissa

1831. SHRI JAGADISH JANI: Will the Minister of INFORMATION AND BROADACSTING be pleased to state:

(a) whether it has not been possible to transmit regular News Bulletin in Oriya as Cuttack Doordarshan Kendra has not yet been made full-fledged ; and

(b) if so, what steps have been taken by Government to establish a full-fledged Regional News Unit at Cuttack?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. UPENDRA) : (a) and (b) Doordrashan Kendra, Cuttack, regulalry telecasts a Regional News Bulletin in Oriya daily.

सोवियत संघ द्वारा पाकिस्तान को परमाणु ऊर्जा संयंत्र सप्लाई किए जाने का समाचार

1832. **श्री राम जेठमलानी :**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सोवियत संघ पाकिस्तान को परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सप्लाई करने का विचार रखता है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल): (क) और (ख) जहां तक सरकार को मालूम है सोवियत संघ ने इसके बारे में पाकिस्तान को कोई वचन नहीं दिया है।